सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून13 अक्टूबर, 2022

आरआईएमसी देहरादून में भारतीय सेना के गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर, एनआईईडीओ (National Integrity & Educational Development Organisation) और आईओसीएल के मध्य गढ़वाली इण्डियन आर्मी आईओसीएल सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस(Garhwali Indian Army IOCL Centre of Excellence) के एमओयू पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत उत्तराखण्ड एवं देश भर के गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों और सेना के बच्चों के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करायी जाएगी। इस प्रोजेक्ट को गढ़वाल रेजीमेंटल सेंटर द्वारा आईओसीएल और एनआईईडीओ के सहयोग वॉर मैमोरियल बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल देहरादून में संचालित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि सेना का देश के वंचित युवाओं को सशक्त बनाने की ओर यह एक बड़ा कदम है। इससे जहां सैनिक परिवारों के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर तैयारी कर अवसर प्राप्त कर सकेगें वहीं वंचित युवाओं को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने आईओसीएल और एनआईईडीओ की सराहना करते हुए कहा कि अन्य स्टेकहोडर्स और एनजीओ को भी इस तरह के देश हित कार्यो में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सेंटर के माध्यम से यहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और वह देश एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, कर्नल ऑफ गढ़वाल राइफल्स और गढ़वाल स्काउटस लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस राजा सुब्रमणि, जीओसी सब एरिया मेजर जनरल संजीव खत्री, आईओसीएल के निदेशक आर.के महापात्रा, सीईओ एनआईईडीओ डॉ रोहित श्रीवास्तव के अलावा स्थानीय स्कूली बच्चे और अन्य लोग उपस्थित रहे।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन **टेली0 फै0–0135.2756172**